जय भवानी व्यायाम शाला में 30 दिवसीय... पृष्ठ 2 | विनोबा एप के माध्यम से जिले में... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 17 जून 2025, राजनांदगांव    आरएनआई 30910/76    वर्ष 49, अंक 237, पृष्ठ 04,    मूल्य 3 रुपए

# कैम्पा मद का नियमानुसार हो समुचित उपयोग : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ कैम्पा की गवर्निंग बॉडी की तृतीय बैठक सम्पन्न

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ कैम्पा की गवर्निंग बॉडी की तृतीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिए कि कैम्पा मद का समुचित उपयोग नियमानुसार किया जाए। उन्होंने बैठक में कैम्पा के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। हमारे प्रदेश में भरपूर वन संपदा उपलब्ध है। देश में भौगोलिक क्षेत्रफल के अनुसार छत्तीसगढ़ का स्थान दसवां है, जबकि वन क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य तीसरे पायदान पर है। वनों के संरक्षण एवं संवर्धन में कैम्पा मद की राशि की महत्वपूर्ण भूमिका है, अतः इसका उपयोग आवश्यकतानुरूप प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कैम्पा मद के अंतर्गत विगत वर्षों में किए गए वन विकास, वन सुरक्षा, वन्यप्राणी संरक्षण तथा अधोसंरचना विकास से संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन



अधिकारी (कैम्पा) द्वारा गवर्निंग बॉडी के समक्ष अब तक की प्रगति तथा कैम्पा मद से संपादित महत्वपूर्ण कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में बताया गया कि कैम्पा मद के अंतर्गत वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण, वनग्रामों का पुनर्स्थापन, भू-जल संरक्षण, देवगुड़ियों का संरक्षण, वन मार्गों का उन्नयन, पुलिया एवं रपटा निर्माण, चारागाह विकास, नर्सरियों की स्थापना, हाईटेक बेरियरों का निर्माण, नदी तट वृक्षारोपण, फ्रंटलाइन स्टाफ हेतु आवासीय भवन, अग्नि सुरक्षा तथा वन्यप्राणी प्रबंधन जैसे कार्यों का क्रियान्वयन किया गया है। छत्तीसगढ़ कैम्पा की गवर्निंग बॉडी को अवगत कराया गया कि वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक राज्य के ब्याज धारित लोक खाता छ्त्तीसगढ़ प्रतिकरात्मक वनरोपण निधिज् में भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली से कुल 7297.55 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसमें से विगत छह वर्षों में 4010.43 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया है। कैम्पा मद की वार्षिक कार्य योजना (एपीओ) 2025-26 के लिए राज्य कैम्पा द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रीय कैम्पा को 694.18 करोड़ रुपए की योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके विरुद्ध अब तक 433.69 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारीक सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस., सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग श्री अंकित आनंद, सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. श्रीनिवास राव सहित अन्य वरिष्ठअधिकारीगण उपस्थित थे।

# सुकुल दैहान मे छत्तीसगढ़ कलार समाज बहादुर कालारीन सहायता कोष समित का बैठक संपन्न

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला राजनांदगाव माता बहादुर कलारीन साहयता कोष समिति का गठन किया गया जिसमे हमारे जिलाध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना जी ने समित को बहुत सारी गाइड लाइन दिए जैसे की समाज की जरूरत मंद गरीब निर्धन कन्या विवाह योजना व प्रतिभवान मेधावी छात्र छात्राओं का प्रोपेसनल कोर्स हेतु प्रोत्साहान राशि समाज द्वारा प्रदान की जाएगी इस सामाजिक कोष का शिक्षा व स्वास्थ्य व आदर्श विवाहा हेतु कार्य योजना बनाकर व्य की जाएगी जिसमे समाज के समस्त स्वजातीय बंधुओ से आग्रह है की इस सामाजिक साहयता कोष मे अधिक से अधिक दान देकर पुण्य के भागी बने । माता बहादुर कालारीन सहयता कोष समित के सदस्यों का नाम श्री पूनाराम सिन्हा ( संयोजक ) चिचोलाश्री ओमकुमार सिन्हा ( सह संयोजक ) राजनांदगाव रेशु लाल सिन्हा( सचिव )आरगाव बिसंभर सिन्हा( कोषाध्यक्ष ) सुकूलदैहान ताराचंद सिन्हा(सदस्य) मक्काटोला दया राम सिन्हा (सदस्य) डोंगरगढ़ गजेंद्र सिन्हा(सदस्य)पुररामटोला कामता प्रसाद सिन्हा( सदस्य) राजनांदगाव रज्जु सिन्हा (सदस्य) छुरिया



**दानदाताओं का नाम** राजनांदगाव जिला कलार समाज जिलाध्यक्ष शिव शंकर डड़सेना के द्वारा स्व.बीरबल डड़सेना रूपा डड़सेना की स्मृति मे 21000 रु प्राप्त हुए जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा 5 वर्ष तक 11000 रु. प्राप्त हुए जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा 5 वर्ष तक 5001 रु प्राप्त हुए जिला महिला मंच अध्यक्ष श्रीमति निर्मला सिन्हा 11000 रु प्राप्त हुएजिला महामंत्री महिला मंच चंद्रा सिन्हा 5100 प्राप्त हुए जिला कोषाध्यक्ष महिला मंच हंशा सिन्हा 5100 प्राप्त हुएशिव राम सिन्हा पूर्व मंडलेश्वर खैरागढ़ के द्वारा 5100 रु प्राप्त हुए राजनांदगाव शहर मंडल के मंडलेश्वर के द्वारा 2100 रु प्राप्त हुए डोंगरगाव मंडलेश्वर भागवत सिन्हा के द्वारा 2100 रु डोंगरगढ़ मण्डल कोषाध्यक्ष मनोहर डड़सेना के द्वारा 2100 रु एल बी नगर के मंडल सचिव रेवा राम सिन्हा के द्वारा 5 वर्ष तक 2100 रु गोपाल राम सिन्हा ( खैरा ) के द्वारा 5000 रु मोतीलाल सिन्हा ( पेंड्री ) के द्वारा 5100 रु माता बहादुर कालारीन सहायता कोष समिति के सदस्यों के द्वारा दान राशि (संयोजक )पूना राम सिन्हा के द्वारा 5100 प्राप्त हुए(सह संयोजक )ओमकार सिन्हा राजनांदगाव के द्वारा 21000 प्राप्त हुए स्व. जवाहर लाल सिन्हा बिसम्भर सिन्हा सुकुलदैहान के द्वारा 2100 रु ताराचंद सिन्हा मक्काटोला के द्वारा 2100 रु इन सभी दानदाताओं से 112100 रु राशि प्राप्त हुए आप सभी दानदाताओं को आभार एवं धन्यवाद।

### शोक सांत्वना व्यक्त करने योगेश दत्त मिश्रा के घर पहुंचे डॉक्टर रमन सिंह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा के भतीजे शिवनारायण मिश्रा शिवम की दुर्घटना में हुए निधन के कारण आज डॉ रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडेए योगेश दत्त मिश्रा के ब्राह्मण पारा स्थित निवास पहुंचेए जहां उन्होंने मिश्रा परिवार को दुख की इस घड़ी में ढाढस बंधाया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत गोलू गुप्ताए राधेश्याम गुप्ताएसुमित भाटिया एवं योगेश दत्त मिश्राए वीरेंद्र दत्त मिश्राए नागेंद्रदत्त मिश्राए एवं सत्यम मिश्राए मोनू मिश्राए उत्कर्ष मिश्रा सहित पूरा परिवार उपस्थित था।



# श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य(गुप्ता)समाज के शपथ ग्रहण समारोह में पहुँचे डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य(गुप्ता)समाज का प्रांतीय अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्र म दिनांक 15 जून 2025 को रॉयल पैलेस में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी पहुँचे वह विशेष अतिथि श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य (गुप्ता) समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विरेन्द्र गुप्ता जी व आयोजन समिति के अध्यक्ष बंसी (बंटी)लाल जी गुप्ता ने उपस्थित रहे किया। डॉ. रमन सिंह जी ने अपने द्वारा श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य (गुप्ता) समाज प्रदेश अध्यक्ष श्री आशीष गुप्ता जी को शपथ दिलवाया वह समाज के उत्थान व संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता अपने कार्यकाल में समाज को नई ऊँचाईयों तक पहुचाँयेगें। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख रूप से महिला व पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित थे । कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश महासचिव श्री विजय गुप्ता व उनकी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की जिससे कार्यक्रम अच्छी तरह से सम्पन्न हुआ। वह सभी का आभार व्यक्त करते है।



### डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को डोंगरगढ़ के एसडीएम का दिया गया दायित्व

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी डोंगरगढ़ श्री मनोज कुमार मरकाम को जिला कार्यालय राजनांदगांव में डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तिवारी के प्रभार के कार्यों का संपादन करने आदेशित किया है। साथ ही डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तिवारी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी डोंगरगढ़ के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है।

# मोहड़ गोलीकांड पर भी कांग्रेस की गुटबाजी उजागर - प्रदर्शन में दिखी दो फाड़!





**राजनांदगांव।** मोहड़ गोलीकांड जैसे गंभीर मामले पर भी कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आ गई है। प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभा रही कांग्रेस, जहां सरकार को घेरने का सुनहरा अवसर तलाश रही थी, वहीं राजनांदगांव में खुद ही दो खेमों में बंटी नजर आई।

एक तरफ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, नेता जितेंद्र मुदलियार और उनके समर्थकों ने आईजी ऑफिस और कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया, तो दूसरी ओर कांग्रेस के युवा नेता और महापौर प्रत्याशी रहे निखिल द्विवेदी अपने समर्थकों के साथ एसपी ऑफिस के सामने अलग प्रदर्शन करते नजर आए। यह दृश्य न सिर्फ़ पार्टी की अंदरूनी फूट को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कांग्रेस में अब भी नेतृत्व का संकट और समन्वय की भारी कमी है।

**गंभीर सवाल उठ रहे हैं:**

क्या कांग्रेस गोलीकांड जैसे ज्वलंत मुद्दे पर भी एकजुट नहीं हो सकती? विधानसभा और निकाय चुनावों में हार के बाद भी नहीं सुधरे हालात? क्या जनता कांग्रेस को एक विकल्प मान पाएगी जब वह खुद बंटी हो? विश्लेषकों का कहना है कि जब सत्ता के खिलाफ संघर्ष में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी ही एक मंच पर नहीं दिख रही है, तो यह कांग्रेस की न सिर्फ़ राजनीतिक असफलता, बल्कि संगठनात्मक कमजोरी को भी उजागर करता है। गोलीकांड पर कांग्रेस का बंटा हुआ प्रदर्शन, भाजपा के लिए राहत का संदेश बनता नजर आ रहा है।




# जय भवानी व्यायाम शाला में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जय भवानी व्यायाम शाला में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह व्यायाम शाला में किया गया। इस गरिमामयी समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अमित आजमानी अध्यक्ष जिला भारोत्तोलन संघ व जय भवानी व्यायाम शाला अध्यक्षता श्री शेख वसीम सचिव जय भवानी व्यायाम शाला, विशिष्ट अतिथि विवेक रंजन सोनी व अजय श्रीवास्तव के गरिमामय उपस्थिति व अतिथि में संपन्न हुआ। इस 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन प्रशिक्षण शिविर के संबंध में जय भवानी व्यायाम शाला के संचालक व अध्यक्ष अमित आजमानी जी ने बताया कि, यह शिविर में क्षेत्रीय बच्चों को खिलाड़ी बनाने के उद्देश्य से व्यायाम शाला में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजित ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन शिविर 01 मई से 13 जून को व्यायाम शाला में संपन्न हुआ। आजमानी जी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय खेल युवक कल्याण विभाग व जय भवानी व्यायाम शाला के सहयोग से आयोजित किया गया। आयोजित इस ग्रीष्मकालीन शिविर में राजनांदगांव के बालक एवं बालिका बच्चें भारोत्तोलन के खिलाड़ी बनने के लिये बढ़-चढ़कर हिस्सा लिये और भारोत्तोलन के नये गुण सीखे। राजनांदगांव के स्थानीय लगभग 40 बालक-बालिकाएं बच्चों को इस शिविर में प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लगातार 2003 से जारी है। इस शिविर में भारोत्तोलन के खिलाड़ी जिला, राज्य व देश का नाम रोशन कर चुके है। यह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेल युवा कल्याण विभाग जय भवानी व्यायाम शाला व जिला भारोत्तोलन संघ यह शिविर जय भवानी व्यायाम शाला के वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षक अशोक श्रीवास व राष्ट्रीय खिलाड़ी मौलेश यादव व सहयोगी खिलाड़ी मो. कौसेन नवाज, विरेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर के समापन समारोह में बच्चों ने 30 दिनों में जो गुण सीखें थे उसे प्रदर्शन करके अतिथियों का मन मोह लिया। प्रदर्शन करने वाले व प्रशिक्षण प्राप्त किये बच्चों को खेल विभाग द्वारा प्रमाण पत्र, खेल सामाग्री व व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा टी-सर्ट दिया गया। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में प्रदर्शन करने वाले बच्चों के नाम इस प्रकार है- चिराग यादव, कु. वंदना यादव, अथर्व पात्रे, वेद वाजपई, वंश साहू, चंचल साहू, प्रणेश धनकर, कु. रोशनी वाघेला, कु. सुचित्रा कौशिक, चिराग सेन, एकाक्ष सेन, ऋषि सेन, अंकित श्रीवास, कु. गोदावरी यादव, कु. निलिमा साहू, कु. भूमि यादव, कु. प्रिया यादव, सुभम वाघेला, वीर ठाकुर, पीयुष यादव, लक्की सोनकर, वीरेन्द्र यादव, मो. कौसेन, प्रीतम देवांगन। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को सुचारू रूप से चलाने व गरिमामय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह को सफल बनाने में जय भवानी व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य नीरज शुक्ला, अशोक श्रीवास, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, रामा यादव, अजय, कुलदीप, सुखराम मेश्राम, गोलू यदु, रवि गुप्ता, जग्गू ठाकुर आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।



# अदूरदर्शी इच्छा शक्ति के चलते एथलेटिक ट्रैक बाधित- रूपेश दुबे

## कृष्ण कुंज को बचाने कलेक्टर को पत्र



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ,विधायक डॉ रमन सिंह की निष्क्रियता को रेखांकित करते हुए कहा कि इनके बेसुधी के कारण ही सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के लिए पैसा आने के बाद भी उचित स्थल चयन नहीं हो पा रहा है कृष्ण कुंज को उजाड़ने के बजाय पर्याप्त पार्किंग वाले उचित स्थान चयन के लिए जिले के संवेदनशील कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया गया है। प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सीधे तौर पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के नाम पर श्रेय,वहवाही लूटने वाले एथलेटिक ट्रैक के लिए स्थल चयन नहीं करा पा रहे हैं जो दुर्भाग्य जनक है पूर्व में भी जब दिग्विजय स्टेडियम का निर्माण हुआ तब बेसुध नेतृत्व के चलते 3 करोड़ के बास्केट बाल कोर्ट को तोड़ गया और बिना पार्किंग का स्टेडियम नुमा सफेद हाथी खड़ा कर दिया गया जिससे राजनांदगांव की खेल गतिविधियां शून्यता की ओर बढ़ गई हैं एस्ट्रोटर्फ की दुर्गति जग जाहिर है और अब यह ट्रैक निर्माण लगातार स्थल परिवर्तन रूपी अदूरदर्शिता की जाल में फंस गई है । कृष्ण कुंज जहां 15 लाख 33 हजार 625 रु की लागत से 500 धार्मिक मान्यता के पौधे जिसमें लाल चंदन,रुद्राक्ष, मौलश्री, कदम,आंवला, पीपल,बरगद जिनमें जनता की धार्मिक आस्था भी है उस स्थान को शामिल कर निर्माण करना कुयोजना ही है जिससे पर्यावरण और एक पेड़ मां के नाम रूपी संकल्प का गला घोंटने पर संकल्पित है शहर में ऐसे और भी स्थान हैं जहां इस एथलेटिक ट्रैक का निर्माण कराया जाना चाहिए।लेकिन अल्पदर्शी हस्तक्षेप से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सुविधा देने के बजाय योजना का ही भट्ठा बिठाने आमादा है।अत: कलेक्टर को पत्र लिख कर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण बिना कृष्ण कुंज को उजाड़े व पर्यावरण को क्षति पहुंचाये उचित स्थान में निर्माण जल्द कराने पत्र लिखा है।

## तेलीटोला स्कूल मे पुस्तक एवं गणवेश वितरित, प्रवेशोत्सव मना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन के निर्देशानुसार 16जून को शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया जिसमें ग्राम प्राथमिक शाला तेलीटोला में पहली कक्षा में प्रवेश बच्चों को किताब एवं गणवेश वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद अंबागढ़ चौकी प्रियवंदना रामटेके मैडम, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीवार सर, सरपंच जागेश्वर कोमरे, उपसरपंच अमित निषाद, अनिल साहू, मेहतरु बसु, परमेश्वर सिंहा, शालविकास समिति अध्यक्ष सहित सभी सदस्य शामिल हुआ।



## प्रवेश उत्सव मनाया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला पार्रिकला में जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर ने नव प्रवेशी बालक बालिकाओं को गुलाल से अभिषेक कर व मिठाई खिलाकर शाला में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैलचित्र प की पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। माँ सरस्वती की प्रार्थना के साथ सभी बच्चों ने आराधना किया। इस अवसर पर समाजसेवी रमेश चंद्राकर पप्पू, जितेंद्र चंद्राकर, व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। श्रीमती चंद्राकर ने सभी बच्चों को स्नेहाशीष देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।इस अवसर पर जेम्स मेडम, स्वाति जैन, चांदनी कंवर, शिक्षक विष्णु शर्मा उपस्थित थे।



## 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए मछलियों के संरक्षण हेतु छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी नदियों-नालों तथा छोटी नदियों के रूप में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय जो निर्मित किए गए है, में किए जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णत: निषिद्ध रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर 1 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का अर्थदण्ड अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी-नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

# गायत्री विद्यापीठ में दो दिवसीय कैसेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन

## सीबीएसई टीचर्स को दिया गया प्रशिक्षण, जिले के अन्य स्कूलों की भी रही सहभागिता

**राजनांदगांव।** जिले की प्रतिश्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के अन्य विद्यालयों की भी भागीदारी रही।

ट्रेनिंग के शुभारंभ में मेडम स्मिता शारदा कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई एवं एवं मेडम महूआ भौमिक का स्वागत सत्कार एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर द्वारा किया गया।शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकों की भागीदारी रही। विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए जहां उनके द्वारा बताया गया कि कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का उद्देश्य बच्चों की क्षमता को विकसित और मजबूत करना है ताकि वे अपने लक्ष्य को प्रभावी ढंग से प्राप्त कर सकें। स्मिता शारदा एवं महूआ भौमिक द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षण में ऐसी अनेक महत्वपूर्ण विधियों के प्रयोग हेतु सुझाव दिए गए जिसमें विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ विद्या को भी ग्रहण कर सफल हो सके। जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना आसानी से कर सकें, क्लास रूम में शिक्षक-विद्यार्थी के बीच आने वाली परेशानियों का भी समाधान उन्होंने बताया। साथ ही साथ एसेसमेंट और मूल्यांकन में अंतर को बताते हुए इसमें पारदर्शिता रखने हेतु सुझाव दिए गए। सम्पूर्ण ट्रेनिंग अवधि के दौरान शिक्षकों द्वारा धैर्य पूर्वक दिए गए मार्गदर्शन का लाभ उठाया गया साथ ही शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन की इच्छा व्यक्त की। अंत में शिक्षकों के बीच शिक्षण संबंधी टेस्ट भी करवाए गए जिसमें सभी की प्रस्तुति सराहनीय रही। अंत में श्रीमती स्मिता शारदा एवं श्रीमती महूआ भौमिक का विद्यालय के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री सूर्यकान्त जी चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, स्कूल प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।



## लाईफस्टाईल क्लीनिक का शुभारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर मधुसूदन यादव द्वारा 17 जून 2025 को सुबह 7.30 बजे आयुष योगा वेलनेस सेंटर आयुष पॉली क्लीनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में लाईफ स्टाईल क्लीनिक का शुभारंभ किया जाएगा। लाईफ स्टाईल क्लीनिक के माध्यम से आयुर्वेद में लाईफ स्टाईल से होने वाले रोगों एवं आहार विहार, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग की जानकारी प्रदान की जाएगी। क्लीनिक के माध्यम से समस्त रोगियों को खानपान, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग की विस्तृत जानकारी रोगानुसार प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में श्री कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, पार्षद श्री सुनील साहू, श्री शिव वर्मा, श्रीमती श्रुति लोकेश जैन, श्री नैना बाई तुरहटे उपस्थित रहेंगे।

**शुभांक**

**1-4-5**

**578-0 115-7**

**भाग्यांक**

**334-0 467-7**

# श्री धर्मेन्द्र शाह मंडावी को पब्लिसिटी ऑफिसर के पद पर मिला प्रमोशन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक कार्यालय में पदस्थ सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री धर्मेन्द्र शाह मंडावी को पब्लिसिटी ऑफिसर के पद पर पदोन्नति दी गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) कार्यालय द्वारा जारी आदेश के तहत श्री मंडावी को राजनांदगांव क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रशासनिक कार्यालय में पदस्थ किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में श्री मंडावी के सेवाकाल की शुरूवात वर्ष 2015 से प्रारंभ हुआ। इस दौरान वे रायपुर क्षेत्र, मुख्यमंत्री सचिवालय, अंबिकापुर क्षेत्र में पदस्थ रहे। अविभाजित राजनांदगांव जिले के मोहला-मानपुर वनांचल क्षेत्र औंधी जैसे सुदुर अंचल से गरीबी और अपर्याप्त संसाधनों के बीच श्री मंडावी ने बीएससी (औद्यो0 मात्स्यिकी), पत्रकारिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर, फोटो एवं विडियोग्राफी में डिप्लोमा, एमबीए की शिक्षा हासिल की। विद्युत मंडल में प्रतियोगी परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से सहायक प्रकाशन अधिकारी के पद पर वर्ष 2015 में सिलेक्ट हुए थे। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त श्री शंकेश्वर कंवर, अधीक्षण अभियंता कवर्धा वृत्त श्री रंजीत घोष सहित सभी कार्यपालन अभियंताओं ने श्री मंडावी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा का जन्मदिन मनाया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 39 के पार्षद रवि सिन्हा का जन्मदिन महाविद्यालय परिषर में पौधारोपण कर मनाया गया उससे पहले भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एवं नगर निगम परिषर में भी जन्मदिन मनाया गया। महाविद्यालय परिषर में हुए पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संकल्प लिया गया इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार के जन भागीदारी सदस्य प्रोफेसर प्राचार्य महोदया श्रीमती निर्मला उमरे एवं मूलचंद भंसाली अकरम कुरैशी भागचंद गिड़िया नमिताभ जैन रघुवीर वाधवा राजा माखीजा रितेश देवांगन उत्तम कोसरिया दीपक हरिहारनो अनिल चंद्रवंशी आशानंद माखीजा ऐस आर कन्नौजे की विशेष उपस्थिति रही भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हुए कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं नगर निगम परिषर में किए गए कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव एवं सभी पार्षदगणो की विशेष उपस्थिति रही।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

उद्घोषणा

प्र0क्रं 20250609100013 अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम अमलीडीह, पं.ह.नं. 19. रा.नि.मंडल आशी. तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक शिवसागर रघुवंशी आ. कुंजीलाल रघुवंशी, निवासी ग्राम कहगांव, तहसील मानपुर, जिला एम.एम.सी. द्वारा ग्राम अमलीडीह, प.ह.नं. 19, तहसील डोंगरगांव स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 327/2 रकबा 0.008 हेक्टेयर को व्यवसायिक सह आवासीय प्रयोजन हेतु छ. ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 25/06/2025 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा / आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 25/06/2025 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**जारी दिनांक - 09/06/2025**

**सुनवाई दिनांक - 25/06/2025**

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव**

जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

उद्घोषणा

प्र0क्रं 20250609100012 अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम अमलीडीह, प.ह.नं. 19. रा.नि.मंडल आशी, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गगन राजपूत आ. करण सिंह राजपूत, निवासी वार्ड नं. 01 डोंगरगांव, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम अमलीडीह, प.ह.नं. 19, तहसील डोंगरगांव स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 326/1 रकबा 0.020 हेक्टेयर को व्यवसायिक सह आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 25/06/2025 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 25/06/2025 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

**जारी दिनांक - 09/06/2025**

**सुनवाई दिनांक - 25/06/2025**

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव

## हिंदू जागरण मंच की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



**राजनांदगांव।** कुछ दिनों पूर्व संघ कार्यालय व गंज लाइन रामदेव बाबा मंदिर के पास हिंदू जागरण मंच की बैठक संपन्न हुई बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत के युवा आयाम प्रमुख तीर्थराज यादव जी के द्वारा बताया गया कि हिंदुओं को संगठित करना हिंदू जागरण मंच का मुख्य उद्देश्य है हर वार्ड में शनिवार को मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाए हिंदू जागरण मंच के सदस्यों द्वारा हम संगठित रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे संगठन में ही ताकत है संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिला संयोजक सुशील लड्ढा जिला सहसंयोजक प्रवीण शर्मा श्रीमती रितु मल जी दिनेश कुमार झूलन जिला संपर्क आयाम प्रमुख हरीश भानुशाली जिला युवा आयाम प्रमुख गोविंद साहू जिला विधि आयाम प्रमुख सुनील जी पासवान जिला प्रचार आयाम प्रमुख रोहित शर्मा जिला सूचना संग्रह आयाम प्रमुख प्रभात गुप्ता राजा जिला आर्थिक आयाम प्रमुख हेमलाल ढीमर जिला कार्यालय आयाम प्रमुख विष्णु सिंनहा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र जांघेल मनोज गोलछा गोविंद जोशी संपत साहू आशीष पांडे रोहित पटनायक सुनील जायसवाल संजय मिश्रा एवं नगर कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया राजनांदगांव नगर संयोजक राज सोनकर नगर सहसंयोजक इंद्रेश देवांगन राम तंबोली नगर सूचना संग्रह आयाम प्रमुख विनोद खाती नगर युवा आयाम प्रमुख विजय साहू नगर कार्यालय आयाम प्रभारी राकेश श्रीवास नगर प्रचार आयाम प्रभारी संदीप कुमार साहू वार्ड नंबर 37 संयोजक श्रेयांश व्यास नगर कार्यकारिणी रूपचंद सोनी सुनील जायसवाल रोहित सिंन्हा अभय सिंनहा को बनाया गया है हिंदू जागरण मंच का विस्तार प्रत्येक वार्डों में करने का दायित्व नगर कार्यकारिणी को दिया गया है।

# शहर के सैकड़ों गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित, पालक बेहाल : क्रिष्टोफर पॉल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अधिक से अधिक बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाए, लेकिन जिले में स्थिति इसके ठीक उलट है। शहर के सैकड़ों गरीब बच्चे, जिन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत स्कूलों में प्रवेश मिला था, अब अगली कक्षाओं में प्रवेश से वंचित हो गए हैं। लखोली निवासी खेमचंद वर्मा ने बताया कि उनके बेटे को शिक्षा विभाग द्वारा पैरेंट्स प्राइड स्कूल, बलदेवबाग में दाखिला दिलाया गया था। यह स्कूल केवल कक्षा आठवीं तक संचालित है और अब उनका बच्चा नवमीं में पहुंच चुका है। नियमानुसार अब बच्चे को किसी अन्य स्कूल में नवमीं से बारहवीं तक की शिक्षा के लिए स्थानांतरित किया जाना चाहिए, लेकिन एक माह से लगातार प्रयासों के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया। इसी तरह पीड़ित पालक मोनू नायडू, जो लखोली निवासी हैं, ने बताया कि उनके बच्चे को आरटीई के तहत कर्मा विद्यालय, हीरामोती लाइन में प्रवेश मिला था, जो अब बंद हो गया है। वे एक वर्ष से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उनके बच्चे का अन्य स्कूल में दाखिला नहीं हो पाया।

**कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग**

थक-हार कर दोनों पालकों ने कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है और लिखित शिकायत सौंपी है। पालकों का कहना है कि उनके बच्चे शिक्षा से वंचित हो चुके हैं और विभागीय लापरवाही के चलते उनका भविष्य अधर में है।

**आरटीई बच्चों के लिए नहीं हो रही व्यवस्था**

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202505092100023 अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गुरुवचन सिंह भाटिया, आ. कुलदीप सिंह भाटिया, आयु 69 वर्ष, जाति-सिक्ख, निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़, तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि अनावेदक के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि नजूल शहर गांधी वार्ड नं. 18 डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्र. 4 भूखंड क्रमांक 685/18 में से 52186 वर्गफुट 4.84.814 वर्गमीटर खाली भूमि है। अनावेवक अपनी उक्त भूमि शीट क्र. 4 भूखंड क्रमांक 6851/18 में सें 52186 वर्गफुट 484.814 वर्गमीटर खाली भूमि को आवेदक से 27,00,000/- (सत्ताईस लाख) रूपये में विक्रय कर रापूर्ण प्रतिफल प्राप्त कर दिनांक 05/03/2025 से उक्त भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र का पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में आवेदक के पक्ष में निष्पादित कर विक्रयशुदा भूमि का आधिपत्य आवेदक को सौप दिया है। अब 09/05/25 वत भूमि का आवेदक भूमि स्वामी एवं आधिपत्यधारी है। अतः उक्त विक्रयशुदा भूमि के राजस्व अभिलेख से अनावेदक पियुष छाजेड़ का नाम विलोपित कर आवेदक गुरूवचन सिंह भाटिया का नाम इन्दाज किया जाना आवश्यक हो गया है। नजूल शहर गांधी वार्ड नं. 18 डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्र. 4 भूखंड क्रमांक 685/18 में से 52186 वर्गफुट 4.84.814 वर्गमीटर खाली भूमि के राजस्व अभिलेख से अनावेदक पियुष छाजेड़ का नाम विलोपित कर आवेदक गुरुवचन सिंह भाटिया का नाम इंद्राज करने हेतु नामांतरण आदेश पारित करने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/06/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मूहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## ज्ञान मंथन

*1) किस राज्य सरकार ने वन टाइम स्कीम शुरू की है?*
*2) शरफ्दौला किस देश के अम्पायर है, जिन्हें आईसीसी एलीट पैनल ऑफ अम्पायर्स में नामित किया गया था?*
*3) भारत के किस मिशन ने जॉन एल. जैक स्विगर्ट, जूनियर पुरस्कार 2024 जीता?*
*4) भारत के किस जनजाति ने पहली बार 2024 में भारत के 18वें आम चुनावों में मतदान किया?*
*5) किस राज्य ने काजी नेमू को आधिकारिक राज्य फ्ल के रूप में नामित किया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) तेलंगाना (2) बांग्लादेश (3) चन्द्रयान-3 (4) शोमेन जनजाति (5) असम

## गायत्री विद्यापीठ के मेधावी छात्र भव्य साहू का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की प्रतिष्ठित संस्था गायत्री विद्यापीठ से कक्षा दूसरी में अध्ययनरत् छात्र भव्य साहू पिता श्री कुशल कुमार साहू, माता श्रीमती कीर्ति साहू का चयन आर्चरी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ।



उक्त जानकारी देते हुए शाला के क्रीडा अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा एवं व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने बताया कि उक्त छात्र का चयन कोच-वनिता साहू के मार्गदर्शन में हुआ जो हरिद्वार उत्तराखंड में आगामी 19 से 21 जून तक आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस गोरवमयी उपलब्धि पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री सूर्यकान्त जी चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, स्पोटर्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, स्कूल प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## विकास की नई भोर, सुविधाओं का वायदा

**राजनादांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड क्रं. 37, महावीर वार्ड में जनसमस्याओं के निराकरण का क्रम जारी है। वार्ड में बोर बंद होने के चलते रहवासियों को पानी से संबंधित दिक्कतें आ रही थी। पिछले दिनों इसकी जानकारी मिलने के बाद इसके निराकरण के प्रयास तेज किए गए। ओसवाल लाइन दीपचंद चित्रकला गली, एनबी फ्लेक्स के सामने और डबरीपारा शीतला मंदिर के पास निगम अमले ने बोर की मरम्मत कर इन्हें फ्रि से इस्तेमाल के लिए तैयार कर दिया है। अब रहवासियों को जरुरत पर पानी की उपलब्धता होगी।



# विनोबा एप के माध्यम से जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में उठाए गए प्रभावी कदम

## जिला प्रशासन के शैक्षणिक कार्यक्रमों के बेहतरीन क्रियान्वयन एवं शासकीय स्कूलों की स्थिति सुधारने में विनोबा एप होगा कारगर साबित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के नेतृत्व में जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गए है। जिले में विनोबा एप प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में सुधार लाना और उनके लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है। जिला प्रशासन के शैक्षणिक कार्यक्रमों के बेहतरीन क्रियान्वयन एवं शासकीय स्कूलों की स्थिति सुधारने में विनोबा एप कारगर साबित होगा। कलेक्टर ने शैक्षणिक कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है और प्रेरक एवं उत्साही शिक्षक न केवल स्कूल में पढ़ाई के लिए अच्छे माहौल का निर्माण करते हैं, बल्कि बच्चों के जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। बोर्ड परीक्षाओं के लिए बच्चों की तैयारी एवं परिणाम सुधारने के लिए विशेष कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मासिक प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए मंथली टेस्ट का आयोजन किया जायेगा और विभिन्न विषयों में उनकी प्रगति का मूल्यांकन करते हुए बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित कर सकेंगे। साप्ताहिक एवं मासिक परीक्षा कक्षा 5वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के लिए विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन करने के साथ ही ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन किया जाएगा, जहां कार्य में गति लाने की जरूरत है। इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मदद मिलेगी। विनोबा एप के माध्यम से जिले में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का सफ्ल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि विनोबा एप के माध्यम से समग्र विकास पर बल देते हुए आधारभूत साक्षरता एवं अंक गणित की समझ विकसित की जाएगी। छात्रवृत्ति स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए प्रेक्टिस टेस्ट, जेई-नीट के लिए मार्गदर्शन के साथ ही कविताएं-कहानियां एवं पढ़ाई को प्रेरित करना, स्पेलिंग सीखना स्पोकन इंग्लिश, किचन गार्डन, पर्यावरण क्लब, स्वास्थ्य जागरूकता, वित्तीय साक्षरता, पर समझ विकसित की जाएगी। विनोबा एप शिक्षकों से कनेक्ट रहेगा, जहां शिक्षक अपने अनुभव शेयर कर सकेंगे। यह एप शिक्षकों को मदद करेगा एवं प्रेरित करेगा। विनोबा ऐप के माध्यम से बच्चों एवं स्कूलों को विभिन्न सुविधाएं मिलने जा रही है। जिसमें अलग-अलग विषयों के शिक्षकों के वीडियो विशेष टॉपिक पर उस विशेष कंटेंट्स पर, कठिन अवधारणाओं की समझ बनाने के लिए विभिन्न विषय विशेषज्ञों के कंटेंट वीडियो और इस तरह से विभिन्न सोर्सेस एप के माध्यम से उपलब्ध कराये जाएंगे। साथ ही इस ऐप के माध्यम से प्रत्येक महीने बेस्ट शिक्षक को पुरस्कृत किया जाएगा।

Vinoba Educational Android App

## जिला पंचायत अध्यक्ष शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेंलरगोदी में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में हुई शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव छुरिया विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेंलरगोदी में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, श्री खिलेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री बिरम मंडावी उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों को तिलक लगाकर एवं पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण तथा मुंह मीठा कराकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर सभी बच्चों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज से नवीन शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है और विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी जनप्रतिनिधियों से शाला प्रवेशोत्सव में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। जिसका उद्देश्य राज्य में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन करना है। उन्होंने कहा कि आज से स्कूल की घंटी फ्रि से गूंजने लगी है। नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ फ्रि से एक नई शुरूआत हो रही है। आज का यह दिन हम सबके लिए विशेष है। उन्होंने बच्चों से खूब मन लगाकर पढने, जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछने, उत्तर खोजने और आगे बढने के लिए कहा। बच्चों के लिए शिक्षा शासन की पहली प्राथमिकता है। कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं रहे। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री कुमार साय साहू ने भी संबोधित किया और शाला प्रवेश उत्सव की सभी बच्चों व शिक्षकगणों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आलोक मिश्रा, सोनम मरावी, अजोधराम, श्री हुमन राज निर्मलकर, नागेश्वर भारतद्वाज, ढालसिंह वर्मा, सुमेरी पाल, गिरिश कुमार, सुशील नेकी, उमाशंकर साहू, सुनीता सिंह सहित प्रधानपाठक, शिक्षकग एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



## तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों तहसील कार्यालयों में नवीन पदस्थापना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक तहसील कार्यालयों में नवीन पदस्थापना की है। इसके तहत तहसीलदार तहसील कार्यालय घुमका श्री नीलकंठ जनबंधु को तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ श्री मुकेश कुमार ठाकुर को तहसील कार्यालय घुमका, तहसीलदार तहसील कार्यालय लाल बहादुर नगर श्री सोनित मेरिया को अतिरिक्त तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, तहसीलदार अतिरिक्त तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ श्री कमल किशोर साहू को तहसील कार्यालय लाल बहादुर नगर, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगांव श्री अब्दुल वसीम सिद्दीकी को तहसील कार्यालय छुरिया में अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है।

## 17 से 21 जून तक निःशुल्क योग शिविर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आयुष विभाग द्वारा 17 से 21 जून 2025 तक सुबह 6 बजे से सुबह 7 बजे तक आयुष योगा वेलनेस सेंटर आयुष पॉली क्लीनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में निःशुल्क पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है। योग शिविर में प्रतिदिन योग प्रशिक्षक द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। साथ ही लाईफ स्टाईल क्लीनिक का शुभारंभ हो रहा है। जिसमें योग एवं आहार से होने वाले लाभ के बारे में बताया जाएगा।

## शिक्षकों का काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध शुरू, 16 से 30 जून तक चलेगा विरोध पखवाड़ा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ का युक्ति युक्तिकरण रद्द करने, 2008 का सेटअप लागू करने, सोना साहू के तर्ज पर एरियर्स सहित समस्त शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम सेवागणना कर पुरानी पेंशन सहित समस्त लाभ देने एवं पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता खत्म करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक आज से काली पट्टी लगाकर स्कूल गए है। इस प्रकार साझा मंच का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी है।



शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालक केदार जैन, मनीष मिश्रा, वीरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी एवं जाकेश साहू ने बताया प्रदेशभर के 23 शिक्षक संगठनों के संयुक्त फोरम शिक्षक साझा मंच द्वारा अपनी मांगों को लेकर विगत दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। समय के साथ हमने अपने आंदोलन का स्वरूप बदला है। अब हम बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलवाएंगे। गणवेश एवं कापी-पुस्तक वितरण कराएंगे। नियमानुसार प्रतिदिन स्कूल जाकर बच्चों की पढ़ाई भी लगातार करवाएंगे। इसके साथ ही साथ प्रतिदिन 16 से 30 जून तक काली पट्टी लगाकर काम करते हुए सरकार की गलत नीतियों का सांकेतिक विरोध करते रहेंगे। साझा मंच के प्रदेश संचालकगण भूपेंद्र बनाफ्र, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलूंन भरतद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरे, राजकिशोर तिवारी, कमल दास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, धरम दास बंजारे एवं अनिल कुमार टोप्पो ने कहा कि प्रदेशभर में 16 से 30 जून तक सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव समारोह में आए हुए ग्रामीणजन, गांव के पंच सरपंचगण, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, पालक समिति एवं विद्यालय प्रबंध समिति को सभी शिक्षकों द्वारा राज्य सरकार की शिक्षा और शिक्षक विरोधी कार्यों को बताया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी प्राथमिक, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में एक-एक शिक्षकों की संख्या कम की गई है। प्रधान पाठक के पदों को समाप्त किया जा रहा है। स्कूलों को मर्ज करने से प्रधान पाठक के पद समाप्त हो गए हैं।स्कूलों में शिक्षकों के पदों में कमी करने से गुणवत्ता प्रभावित होगी। प्राथमिक शाला में मात्र दो शिक्षक रह गए।

## ग्राम टाटेकसा में आयोजित हुआ शिविर - शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए किया गया जागरूक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम टाटेकसा में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, मछली पालन, पशुधन विकास, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा अपने-अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में जल संरक्षण एवं नशा मुक्ति के संबंध में सभी को संकल्प दिलाया गया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दिनेश गांधी ने बताया कि यह अभियान भारत के आदिवासी समुदाय के समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए 17 संबंधित मंत्रालयों के सम्मिलन के माध्यम से 25 हस्तक्षेपों पर केंद्रित है। इस अभियान के अन्तर्गत जनजातीय बहुल क्षेत्रों में सबको पक्का घर और शौचालय के साथ स्थानीय स्तर पर पसंदीदा डिजाइन के अनुसार पक्का घर। हर घर नल से स्वच्छ पेयजल और सामुदायिक जल आपूर्ति। 100 या अधिक की आबादी वाले प्रत्येक बसावट के लिए सड़क कनेक्टिविटी के माध्यम से सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करना। पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र के तहत हर घर बिजली। नई सौर ऊर्जा योजना के माध्यम से ऑफ-ग्रिड सौर, शिक्षा तक बेहतर पहुँच - समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत विद्यालय से जुड़ा छात्रावास, दूर दराज गांव तक मोबाईल मेडिकल यूनिट के तहत बहुउद्देशीय केंद्र और मोबाईल मेडिकल वैन में एएनएम के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य जांच। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुफ्त एलजीपी कनेक्शन, पोषण तक बेहतर पहुॅच - 100 तक की आबादी के लिए आंगनबाडी केंद्र और बहुद्देशीय केंद्र में आंगनबाड़ी सेवाएं।



## धर्म समाचार....

# जगन्नाथ रथ यात्रा से जुड़ी रोचक बातें, क्या आपने सुनी हैं पहले




जगन्नाथ पुरी मंदिर में 27 जून को रथ यात्रा निकाली जाएगी जिसमें भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा के रथ शामिल होंगे। इन रथों का निर्माण विशेष दारूक नाम के पेड़ की लकड़ी से किया जाता है और इसमें किसी धातु का उपयोग नहीं किया जाता है। उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी मंदिर में आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन 27 जून 2025 को रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर आज हम आपको बताने जा रहे हैं पुरी के जगन्नाथ मंदिर से जुड़ी कुछ रोचक बातों को बारे में। इस रथ यात्रा में कुल 3 रथ होते हैं, जिन्हें देखने के लिए देश और विदेश से लाखों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं। भगवान जगन्नाथ के रथ का नाम नंदीघोष है, जो इस रथ यात्रा में सबसे पीछे चलता है। सबसे आगे बलभद्र का रथ रहता है, जिसका नाम तालध्वज। बीच में चलता है सुभद्रा का रथ, जिसका नाम दर्पदलन है। इन रथों का निर्माण विशेष च्दारुकज् की लकड़ी से किया जाता है। इन तीनों विशालकाय रथों को बनाने में कोई कील, कांटे या धातु का उपयोग नहीं किया जाता है। रथ का निर्माण हर साल अक्षय तृतीया के दिन से शुरू होता है। मान्यता है कि इस रथ यात्रा का में शामिल होने या इसका साक्षात दर्शन करने से हजार यज्ञों का पुण्य मिलता है। चार धामों में से एक पुरी के जगन्नाथ मंदिर की इस रथ यात्रा में शामिल होने से पापों का नाश होता है। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा से इस संसार के सुखों को भोगकर मोक्ष को प्राप्त करता है। पुरी में यह भव्य और दिव्य रथ यात्रा आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष में होती है। उस दौरान बारिश जरूर होती है। कहते हैं कि आज तक कभी भी रथ यात्रा के बारिश न हुई हो, ऐसा मौका नहीं आया है। जगन्नाथ पुरी यात्रा के दौरान सोने की झाड़ू से सफाई की जाती है। प्राचीन काल में शुरू हुई यह परंपरा आज भी चली आ रही है। पहले राजा सोने के हत्थे वाले झाड़ू से रथ के आगे सफाई करते थे। वर्तमान समय में राजाओं के वशंज रथ के आगे झाड़ू लगाते हैं, जिसके बाद यात्रा शुरू होती है।

## मनुष्य के भीतर की मिलन की चाह सकारात्मक रूप धारण करती है, तो वह योग है

प्राकृतिक रूप में जीवन बिल्कुल सही या संपूर्ण नहीं हो सकता। उसमें हमेशा सुधार की गुंजाइश होती है। किंतु सृष्टि की ज्यामिति संपूर्ण होती है। इस सटीक ज्यामितीय संतुलन के कारण जीवन इस तरह फ्लता-फूलता है। मानव जीवन जितना क्षणभंगुर है उतना ही शक्तिशाली भी है। एक मनुष्य बहुत कुछ कर सकता है। इसकी वजह यह है कि रचना की प्रक्रिया के पीछे जो ज्यामितीय बनावट है वह संपूर्ण है।




सद्गुरु, ईशा फ्राउंडेशन के प्रणेता आध्यात्मिक गुरु। आज विज्ञान यह पता लगाने में लगा है कि एक कीड़े से लेकर हाथी तक, पेड़ से लेकर नदी और सागर तक, ग्रहों से लेकर पूरे ब्रह्मांड तक हर रूप में अणु और परमाणु संबंधी संरचना की ज्यामिति कैसी है। अणु से लेकर ब्रह्मांड तक, सभी रूपों की ज्यामिति अपने मूल गुण में बिल्कुल एक जैसी है। यह बनावट इतनी संपूर्ण है कि जीवन क्षणभंगुर होने के बाद भी मजबूत और सुंदर है। ज्यामिति की इस संपूर्णता को जीवन में उतारने के प्रयास से ही योग की परिष्कृत प्रणाली का जन्म हुआ। अपने पूरे तंत्र को, जिसमें शरीर, मन, भावनाएं, पिछले जन्म के कर्म और मूलभूत ऊर्जा शामिल हैं, ब्रह्मांड के साथ एक ज्यामितीय संतुलन में लाना ही योग बताता है। लगभग 15 हजार साल पहले आदियोगी शिव संपूर्णता की इस स्थिति तक पहुंचे थे। वह इतने स्थिर हो गए थे कि उन्हें देखने वाले यह तय नहीं कर पाते थे कि वह जीवित हैं या नहीं। उनके भीतर जीवन की एकमात्र निशानी थी, उनके गालों पर लुढ़कते परमानंद के आंसू। आदियोगी संपूर्ण स्थिरता की इस स्थिति से निकलकर अचानक उन्माद में नृत्य करने लगे।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करें बच्चे : कलेक्टर

## मजबूत इच्छाशक्ति एवं आत्मविश्वास से सफलता होगी हासिल, शासन द्वारा बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए दी जा रही अच्छी सुविधाएं







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के दौरान आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों में उल्लास एवं खुशी का माहौल रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे आज पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पहले पढ़ाई के समय अच्छे संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध नहीं होती थी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज के समय में शासन द्वारा स्कूल में पढ़ाई के लिए भरपूर संसाधन और सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों से बच्चों को अच्छी सफलता प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्कूल में प्रवेश दिलाते हैं। माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य एवं सफलता के लिए सकारात्मक सोच रखते हैं। उन्होंने बच्चों को मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मजबूत इच्छाशक्ति एवं आत्मविश्वास से आप सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि

**कलेक्टर पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के शाला प्रवेश उत्सव में हुए शामिल**

आने वाले समय में आप में से ही कोई कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, इंजीनियर, डॉक्टर होंगे तो कोई स्पोर्ट्स, शिक्षक, उद्योगपति जैसे बड़े पदों पर होंगे। अधिकांशत: सभी कक्षाओं में छात्राएं ही टॉप करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिक्षा सत्र में स्कूल से बहुत अच्छा परिणाम आना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता बहुत विश्वास के साथ बच्चों को स्कूल में प्रवेश कराते हैं, उनकी बच्चों से बहुत अपेक्षाएं रहती हैं, आप सभी को इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। सभी बच्चों का यह प्रयास होना चाहिए कि अच्छे विद्यार्थी और इंसान बने।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री देवशरण सेन ने प्रवेशित बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि स्कूल में बहुत अच्छी लाईब्रेरी है। लाईब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य श्रीमती खेमिन साहू, श्री लोमेश साहू, दिप्ती साहू, श्री राकेश सिन्हा, श्री राजेश यादव, श्री चेतन यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री धनीराम देवांगन, प्राचार्य श्रीमती सुनीता खर्रे, बीआरसी श्री भगत सिंह ठाकुर सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## छः लोगो ने लिया देहदान का संकल्प

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** देहदान सेवा समिति के संयोजक ग्राम-रातापायली निवासी पुनारद दास के सानिध्य में इनकी





छोटी बहन श्रीमती सुखमा बाई धर्मपत्नी स्व.बहुर दास साहू निवासी- कोटराभांठा, भाई बहु श्रीमती सरस्वती साहू धर्म पत्नी स्व. अजीत कुमार साहू ग्राम- आरला, देहदानी स्व. हरिशंकर गंजीर की धर्मपत्नी एवं टेकेश्वर गंजीर निवासी-खुर्सीपार की माँ श्रीमती सोनकुंवर गंजीर, श्री दयालदास साहू निवासी-पांगरीकला,लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार मंच संचालक रंगकर्मी शिक्षा विद डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो दीप डोंगरगांव तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गीता हरिहारनों डोंगरगांव के द्वारा मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में देहदान पत्रक जमा किया गया। देहदान हेतु श्री पतराम साव नयाढ़ाबा -9753550332,जगदीश 9098122252, रामस्वरूप देवांगन8305044785,कुंवर सिंह वर्मा 9406244870, खेलू राम साहू 8269909100, डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो 9826639082, लखन सार्वा 6268390149 एवं पुनारद दास साहू 9479172922 से संपर्क किया जा सकता है।

## आईटीआई राजनांदगांव में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए 25 जून तक ऑनलाईन पंजीयन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में सत्र 2025 से प्रारंभ होने वाले विभिन्न व्यवसायों के रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए इच्छुक आवेदक 25 जून 2025 तक विभागीय वेबसाईट पर ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी आईटीआई राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

## मोदी के 11 साल के शासन में देशवासियों की रही बल्ले बल्ले : जहीर अब्बास

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री जहीर अब्बास प्रेस को अपने एक जारी बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में लगातार 11 साल तक सेवक के रूप में राज करके न सिर्फ देशवासियों के हित में आनेका नेक योजनाएं लाई है अपितु कई असंभव लगने वाले कार्यों को संभव कर दिखाया उनके नेतृत्व क्षमता के प्रशंसक देश दुनिया के बड़े-बड़े नेता और अधिकारी है एक सर्वमान्य नेता के रूप में नरेंद्र मोदी ने देश दुनिया को नई दिशा दी है। जनाब अब्बास ने आगे कहा कि देश में करोड़ों गरीब रियायती और निशुल्क राशन सामग्रियां लेकर बहुत खुश है। वही लाखों गरीब जो झुग्गी झोपड़ी में रहा करते थे। उन्हें पक्का घर नसीब हो गया है। परिवहन सेवाएं आज इतनी विकसित हो गई है कि बरसात में एक गांव से दूसरे गांव और शहर का संपर्क बहुत कम टूटता है।



जम्मू कश्मीर में धारा 370 खत्म करना पाकिस्तान को उसके आतंकवाद का करारा जवाब देना नक्सलवाद को खात्मे के करीब पहुंचा देना। जम्मू कश्मीर में पहाड़ पर ट्रेन चला देना यह सब मोदी राज में ही संभव हो सका है। सोंचो जरा कि कांग्रेस का शासन काल चलते रहता तो देश जितनी तेजी से विकास कर रहा है उतनी तेजी से पतन में जाते रहता। छत्तीसगढ़ राज्य में ही देख ले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में राजनांदगांव की सड़कों का खस्ताहाल होकर धूल उड़ रही थी। इससे पहले डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब राजनांदगांव चमन हो सकता था अब विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री रहते राजनांदगांव की विकास गति वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह रफ्तार पकड़ ली है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के जननायक के रूप में पूर्व सांसद पूर्व महापौर एवं वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव ने राजनांदगांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

## बाहरी छात्र नेता की संलिप्तता पर सवाल, एनएसयूआई बोली - एबीवीपी की नियत में खोट - राजा यादव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के मोहड़ वार्ड में हाल ही में हुए चर्चित गोलीकांड को लेकर एनएसयूआई प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव ने एबीवीपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जो छात्र संगठन एबीवीपी हमेशा छात्र हितों की दुहाई देता है, उसकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। इस गोलीकांड में एबीवीपी के एक छात्र नेता की संलिप्तता सामने आ रही है, इसके बावजूद संगठन की ओर से अब तक कोई कार्रवाई या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। राजा यादव ने इस चुप्पी को एबीवीपी की नियत में खोट बताते हुए कहा कि अगर शासन-प्रशासन इस पूरे मामले में निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई नहीं करता, तो एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि इस आंदोलन की पूरी जवाबदेही शासन की होगी।

## प्राथमिक शाला भवन के लिए 15 लाख स्वीकृति, किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखंड अंबागढ़ चौकी के गुंडरदही(बांधा बाजार) जनपद सदस्य क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक शाला हेतु ग्राम पंचायत तेलीटोला में विधिविधान से विधिवत तरीके से भूमि पूजन किया गया, इसके निर्माण कार्य हेतु 15 लाख स्वीकृती किया गया, उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह जी जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक जी जिला भाजपा महामंत्री दिलीप वर्मा जी जिला महिला मोर्चा भाजपा कमलेश सारस्वत जी मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी जी मंडल महामंत्री विमल यादव , संदीप मेश्राम जनपद सदस्य ,राजेश सिंघी पूर्व मंडल अध्यक्ष, सैयद अजहरुद्दीन कुरैशी महामंत्री पूर्व युवा मोर्चा, सरपंच तेलीटोला जागेश्वर कोमरे,उपसरपंच अमित निषाद ग्राम पटेल डोमन साहू, अनिल साहू मेहतरु बसु,परमेश्वर सिंहा पंचू साहू, डोमार, आशा राम, भागवती मांडवी, हेमान बाई सिन्हा, कुमारी बाई यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शिक्षा विभाग की टीम द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र के पहले दिन 150 से अधिक स्कूलों का किया गया निरीक्षण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन के निर्देशानुसार जिले के माध्यमिक, पूर्व माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों को तिलक लगाकर एवं पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण तथा मुंह मीठा कराकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशन में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय तथा संकुल स्तर के अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के 150 से अधिक स्कूलों का सघन निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा शैक्षणिक कार्य का अवलोकन किया गया तथा बच्चों को शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर बच्चों को पाठ्यपुस्तक व गणवेश का भी वितरण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता, शिक्षकों की समय पर उपस्थितिएवं बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए शिक्षा विभाग की टीम द्वारा विद्यालयों का नियमित रूप से सघन निरीक्षण किया जाएगा।

## महापौर रैली निकालना छोड़ जलापूर्ति की समस्या का निदान करे : संतोष पिल्ले

**राजनाँदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने महापौर द्वारा शहर में निकाले गए जल यात्रा रैली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि संस्कारधानी की जनता को पानी के महत्व के बारे में अच्छी तरह से जानती है प्रशासन द्वारा विज्ञापनों में पानी बचाने को लेकर लाखों करोड़ों रुपये खर्च किया जाता रहा है अब विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन और महापौर मधुसुदन यादव के नेतृत्व में जल का महत्व आम जनता को बताने रैली का आयोजन किया जा रहा है जबकि पानी बचाओ महाअभियान का नाम देने वाले प्रशासन को क्षेत्र में हो रही जलापूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए पहले पर्याप्त स्टोरेज का प्रबंध करना चाहिए । इसके साथ ही आम जनता को पर्याप्त पानी देने के किये उचित प्रबंध करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज जब नगर निगम क्षेत्र में दो दिन के अंतराल में एक दफे नल खुल रहा है तब भी शहर की भोली भाली जनता ने बड़ी गंभीरता दिखाते हुए पानी के बून्द- बून्द का समायोजन किया है और निस्तारी की व्यवस्था कुओं और तालाबों से की है। संस्कारधानी की जनता पढ़ी-लिखी और समझदार है। उन्हें जल का महत्व पता है। उन्होंने कहा कि खुद को ट्रिपल इंजन कहने वाली सरकार अपनी



**संस्कारधानी की पढ़ी- लिखी जनता को पता है जल का महत्व**

खामियों छुपाने के लिए कोई भी हथकंडा अपना ले,, यहां काम नहीं आ पायंगा।

**पर्याप्त पानी स्टोरेज की आवश्यकता**

श्री पिल्ले ने कहा कि आम जनता शासन - प्रशासन को पानी का पूरा टैक्स भुगतान कर रही है , इसके बाद भी आम जनता को पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है ' जबकि शासन - प्रशासन को पानी के लिए पर्याप्त स्टोरेज करने की आवश्यकता है। आज भी नांदगांव जिले की जनता एक मात्र जीवनदायनी नदी शिवनाथ के जरिये , दूसरे जिले से स्टोर पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूर है। आम जनता के पैसों से अमृत मिशन के तहत करोड़ो रूपये खर्च कर पाइप लाइन का जाल पूरे शहर और शहर के 30 किलोमीटर बाहर तक बिछाई गई है दुर्भाग्यवश उन पाइप लाइन में पानी नही पहुच पाया है , साथ हीं कई नई टंकियां बनाई गई जसको भरने में भी कई प्रकार की तकनीकी कठिनाइयां है। आज भी आम जनता को पानी पिलाने में प्रशासन अक्षम है। श्री पिल्ले ने कहा कि स्थानीय प्रशासन को जल बचाने रैली निकालने की बजाए व्यवस्था दुरुस्त करने की ओर पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com